रजिस्ट्रेशन संख्या :– R.N.I. 36355/79
डाक पंजीकरण संख्या :– के पी सिटी– 67/2018–20

अधिकार किसको जानने के लिए भारत सरकार की वेबसाइट www.dhr.gov.in लॉगिन कर क्लिक करें अल्टरनेटिव मेडिसिन तथा गज़ट पढ़ने हेतु log in करें www.behm.org.in

चिकित्सा–विज्ञान और प्रौद्योगिक जगत में सर्वाधिक प्रकाशित होने वाला निष्पक्ष समाचार पत्र

पाक्षिक

1979 2020

# इलेक्ट्रो होम्यो मेडिकल गज़ट


पत्र व्यवहार हेतु पता :–
सम्पादक
इलेक्ट्रो होम्यो मेडिकल गज़ट
127/204 'एस' जूही, कानपुर–208014
सम्पर्क सूत्र :– 9450153215, 9415074806, 9415486103

वर्ष –42 ● अंक – 18 ● कानपुर 16 से 30 सितम्बर 2020 ● प्रधान सम्पादक – डा0 एम0 एच0 इदरीसी ● वार्षिक मूल्य ₹100

# सम्पूर्ण देश ने याद किया मैटी को

इलेक्ट्रो होम्योपैथी अधिकार प्राप्त चिकित्सा पद्धति है परन्तु अभी भी इसके सार्थक प्रचार व प्रसार की आवश्यकता है, यह जिम्मेदारी हमारे साथ साथ चिकित्सकों को भी निभानी होगी, यह विचार इलेक्ट्रो होम्योपैथी के आविष्कारक डा0 काउण्ट सीज़र मैटी के निर्वाण दिवस के अवसर पर बोर्ड ऑफ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 के प्रशासनिक कार्यालय कानपुर के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में बोर्ड ऑफ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 के चेयरमैन डा0 एम0 एच0 इदरीसी ने डा0 मैटी जी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कही, कार्यक्रम का प्रारम्भ डा0 मैटी के चित्र पर माल्यापर्ण करके किया गया तथा सोशल डिस्टेंसिन्ग एवं कोविड–19 के प्रोटोकॉल का अनुपालन करते हुये किया गया डा0 इदरीसी ने बताया कि इस कोराना की जिम्मेदारी निभाने वाला संगठन आई0 सी0 एम0 आर0 ही इलेक्ट्रो होम्योपैथी की मान्यता के प्रकरण की निगरानी कर रहा है, यह अवसर था कि इस कोरोना काल में हम लोग आई0 सी0 एम0 आर0 से सम्पर्क कर उनसे निवेदन करते कि हमें भी इस महामारी में कोरोना की रोकथाम एवं बचाव के लिए कार्य करने का अवसर मिलना चाहिये तो इससे लाभ यह होता कि हम सीधे–सीधे आई0 सी0 एम0 आर0 के सम्पर्क में आ जाते, इस अवसर पर बोर्ड के रजिस्ट्रार डा0 अतीक अहमद ने डा0 मैटी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए आज की स्थिति पर अपने विचार दिये उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी की प्रासंगिकता बनाये रखने के लिए आवश्यक है कि अधिक से अधिक संख्या में चिकित्सक इसी विधा से चिकित्सा व्यवसाय कर जनता को स्वास्थ्य लाभ पहुंचायें कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये उन्होंने कहा कि आज प्रदेश ही नहीं अपितु देश में इलेक्ट्रो होम्योपैथी की स्थिति काफी सुदृढ़ है, जिन लोगों के मध्य अभी भी जागरूकता का अभाव है उन्हें हम पुनः जागरूक करने का प्रयास करेंगे।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डा0 राम औतार कुशवाहा ने कहा कि कोई भी वस्तु सुगमता से प्राप्त नहीं की जा सकती है इसके लिए सतत प्रयास करने होते हैं और यही प्रयास अन्ततः सफ़लता का मार्ग प्रशस्त करते हैं, डा0 कुशवाहा ने अपने छात्र जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वह किस प्रकार से इलेक्ट्रो होम्योपैथी की मान्यता के लिए संघर्ष किया करते थे, आज इलेक्ट्रो होम्योपैथी दिन प्रतिदिन विकसित हो रही है परन्तु इसका वास्तविक विकास हम तभी मानेंगे जब इलेक्ट्रो होम्योपैथी के लिए सामान्य जन से लेकर हर वर्ग का व्यक्ति इस चिकित्सा पद्धति को अपनाने लगे, संकेत तो अच्छे आ रहे हैं हमे पूर्ण विश्वास है कि परिणाम भी अच्छे आयेंगे।




बुन्देल खण्ड इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल इन्सटीट्यूट के प्राचार्य डा0 प्रमोद सिंह ने कहा कि अब परिणामों की प्रतीक्षा नहीं करनी है परिणाम तो आते जा रहे हैं और यह परिणाम हम सबके उज्जवल भविष्य का संकेत भी दे रहे हैं।

बोर्ड ऑफ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 की पंजीयन समिति के अध्यक्ष डा0 राजेन्द्र प्रसाद ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि यदि सही दिशा में किया गया चिन्तन सही परिणाम देते हैं आज हमें परिणामों की चिन्ता किये बगैर कार्य के पथ पर अग्रसर होना चाहिये।

डा0 राम कुमार पाल ने डा0 काउण्ट सीज़र मैटी जी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि हमारे प्रयासों में कोई कमी नहीं है परन्तु हमारी विधा के चिकित्सकों को चाहिये कि नये चिकित्सकों के साथ–साथ हम जैसे चिकित्सकों का भी मार्ग दर्शन करना चाहिये एवं अपने अनुभवों को सोशल मीडिया के माध्यम से साझा करना चाहिये यदि आवश्यक समझें तो समय–समय पर छोटी–छोटी गोष्ठियों के माध्यम से भी अपने अनुभव साझा कर सकतें हैं आज जितनी संख्या में हम उपस्थित हैं ऐसी बैठकों/गोष्ठियों के लिये संख्या पर्याप्त है, उन्होंने आगे कहा कि शासन से लेकर सामान्य अधिकारी तक हम अपनी मांग को पहुँचा रहे हैं परन्तु कुछ अधिकारी मनमानी कर देते हैं जिससे भ्रम की स्थिति पैदा हो जाती है, आज कार्य करने में कोई परेशानी नहीं है चिकित्सकों को चाहिये कि वे अधिकार पूवर्क निर्भीक होकर कार्य करें कार्यक्रम में EH डा0 अरूण कुमार अरोड़ा, EH डा0 मिथलेश कुमार मिश्रा, श्री मो0 वसीम, श्री मो0 नसीम इदरीसी आदि ने प्रमुख रूप से भाग लिया।

**हमीरपुर**–इलेक्ट्रो होम्योपैथी के जनक डा0 काउण्ट सीज़र मैटी की पुण्य तिथि बुन्देल खण्ड इलेक्ट्रो होम्योपैथिक स्टडी सेन्टर में सोशल डिस्टेंसिग एवं कोविड–19 के प्रोटोकॉल का अनुपालन कर मनायी गयी इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ़ इण्डिया के राष्ट्रीय प्रवक्ता डा0 नरेन्द्र भूषण निगम ने पैथी से जुड़े चिकित्सकों एवं शिक्षकों का अपनी विधा से ही प्रैक्टिस करने का आहावन किया, उन्होंने कहा कि इस विधा से असाध्य रोगों को ठीक किया जा सकता है।

बुन्देलखण्ड इलेक्ट्रो होम्योपैथिक स्टडी सेन्टर के प्रभारी डा गणेश सिंह विधार्थी ने

शेष अंतिम पेज पर

# अवसर को अवसर में बदलने का अवसर



**Covid-19** के सम्बंध में प्रतिदिन नये–नये आंकड़े सुन और पढ़ रहे हैं आंकड़ो से ऐसा प्रतीत होता है कि हम शीघ्र ही ब्वअपक.19 पर सफ़लता अर्जित कर लेंगे क्योंकि सम्पूर्ण विश्व में वैक्सीन बनाने का कार्य निरन्तर तीव्र गति से संचालित है जिसमें हमारे देश भारत की भूमिका भी अपना विशेष स्थान रखे है, किसी देश ने वर्ष 2020 के अन्त में तो किसी ने वर्ष 2021 के प्रारम्भ में इस वैशविक बीमारी से छुटकारा दिलाने के लिये वैक्सीन उपलब्ध कराने का दावा किया है, भारत ने यह भी घोषणा की है कि वैक्सीन आने पर सबसे पहले वह बांगलादेश को वैक्सीन उपलब्ध करायेगा, आजकल हमारे देश के भी वैज्ञानिक तनमयता के साथ स्वतंत्र रुप से वैक्सीन पर शोध कार्य में लगे हुये हैं, जिन्हें नित्य नये–नये सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो रहे हैं अब वह दिन दूर नहीं जब भारत के वैज्ञानिक स्वंय वैक्सीन बनाने में सफ़ल हो जायेंगे और सम्पूर्ण विश्व में लोहा मनवा लेंगे।

इन प्रयोगों एवं परिणामों से इतर विश्व स्वास्थ्य संगठन **(W.H.O.)** के हवाले से अचानक ऐसी सूचना जारी होती है कि कोरोना अभी बहुत दिन तक समाप्त होने वाला नहीं है, ऐसा प्रतीत होता है कि उसका विचार है कि हमारे देश में जैसे पोलियो, डेंगू स्वाइन फ्लू , इन्सेफ्लाइटिस आदि की भांति ही कोरोना भी अपनी जड़ें बिछाने का प्रयास कर रहा है परन्तु हम ऐसा कदापि होने नहीं देंगे जिस प्रकार हमने चेचक, पोलियो को हराया है एक दिन हम कारोना को भी मात दे देंगे ऐसा हमारे देश की चिकित्सा अनुसंधान के क्षेत्र में काम करने वाली प्रमुख संस्था भारती आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद **(I.C.M.R.)** का दावा है।

हमारे देश में चिकित्सा अनुसंधान के क्षेत्र में कार्य करने वाली प्रमुख संस्था भारती आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद **(I.C.M.R.)** वही संस्था है जो इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति को मान्यता प्रदान करने के लिये महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग द्वारा गठित अन्तर विभागीय समिति जिसमें स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग की सहभगिता है इसकी कमान भारती आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद **(I.C.M.R.)** के ही पास है, अन्तरविभागीय समिति के समक्ष इलेक्ट्रो होम्योपैथी के प्रपोज़ल कर्ता एवं संयुक्त संशोधित प्रपोज़ल कर्ता तथा प्रपोज़ल कर्ताओं का दूसरा समूह अपनी उपस्थिति भली–भांति करा चुका है तथा उसमें अपनी अच्छी छवि भी प्रस्तुत की है, जिसका परिणाम कार्यवाही के रुप में देखा जाना चाहिये, यह इस बात की पुष्टि है कि अन्तर विभागीय समिति परोक्ष रुप से इलेक्ट्रो होम्योपैथी द्वारा किये जा रहे कार्यों को मौन स्वीकृति प्रदान कर रही है।

इलेक्ट्रो होम्योपैथी के क्षेत्र में कार्य कर रही सभी स्तर की संस्थाओं का यह दायित्व बन जाता है तथा विशेष रुप से प्रपोज़ल कर्ता एवं संयुक्त संशोधित प्रपोज़ल कर्ता तथा प्रपोज़ल कर्ताओं के दूसरे समूह को चाहिये कि वर्तमान समय में **Covid-19** पर भारती आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ,**(I.C.M.R.)** द्वारा किये जा रहे कार्यों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु भारती आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद **(I.C.M.R.)** से सम्पर्क कर अपना सहयोग प्रदान करने हेतु प्रयास करें।

इलेक्ट्रो होम्योपैथी के लिये ईश्वर ने एक स्वर्णिम अवसर प्रपोज़ल कर्ता एवं संयुक्त संशोधित प्रपोज़ल कर्ता तथा प्रपोज़ल कर्ताओं के दूसरे समूह की झोली में डाल दिया है अब इनका दायित्व बन जाता है कि वे इस अवसर को सुअवसर में परिवर्तित करने का प्रयास करें, क्योंकि **Covid-19** पर सम्पूर्ण विश्व कार्य कर रहा है जिसमें सरकारें एवं स्वंय सेवी संस्थायें अपना–अपना योगदान प्रदान कर रही हैं जिसमें चिकित्सा क्षेत्र से इतर सामाजिक, शैक्षिक, राजनैतिक संस्थाओं की भी अपनी–अपनी भूमिकायें हैं जिनका सीधे तौर पर स्वास्थ्य से कोई सम्बंध नहीं है, इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति विश्व की अन्य चिकित्सा पद्धतियों की भांति ही एक चिकित्सा पद्धति है जिसका मूल उद्देश्य रुग्ण मानवता को स्वास्थ्य लाभ प्रदान करना है इसलिये इलेक्ट्रो होम्योपैथी से जुड़े हुये सभी व्यक्तियों संगठनो एवं संसथाओ का यह दायित्व है कि **Covid-19** पर अपनी भूमिका निभाते हुये प्राप्त अवसर को सुअवसर में परिवर्तित करें।

## मैटी निर्वाण दिवस कैमरे की नज़र में ................. प्रथम पेज से आगे
















1–श्री मो0 नसीम इदरीसी प्रभारी बोर्ड ऑफ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 लखनऊ कार्यालय,
2–डा0 राजेन्द्र प्रसाद अध्यक्ष रजिस्ट्रेशन कमेटी बोर्ड ऑफ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0
3–डा0 राम अवतार कुशवाहा संचालक कुशवाहा इलेक्ट्रो होम्योपैथिक स्टडी सेन्टर कानपुर नगर,
4– डा0 राम कुमार पाल इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सक,
5– डा0 अरुण कुमार अरोड़ा इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सक –छाया गज़ट

# बोर्ड ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन,उ0प्र0

(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आदेश प्राप्त इहमाई द्वारा अनुमोदित)

8—लालबाग, कमला शर्मा मार्ग, लखनऊ—226001

प्रशा0 कार्या0 : 127/204 ''एस'' जूही,कानपुर—208014

Email: registrarbehmup@gmail.com

## F.M.E.H. व A.C.E.H. पाठयक्रमों के संचालन हेतु निम्न जनपदों में स्टडी सेन्टर्स के स्थापनार्थ इच्छुक व्यक्तियों/संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित करता है

इलाहाबाद, कौशाम्बी, बाँदा, चित्रकूट, झाँसी, ललितपुर, आगरा, मथुरा, मैनपुरी, एटा, कासगंज, हाथरस, मेरठ, बागपत, बुलन्दशहर, सहारनपुर, मुजफ्फर नगर, शामली, रामपुर, बिजनौर, अमरोहा, सम्भल, बरेली, बदायूँ, पीलीभीत, हरदोई,सीतापुर, फ़ैज़ाबाद, सुलतानपुर, श्रावस्ती, बस्ती, गोरखपुर, खलीलाबाद, बलिया, ग़ाज़ीपुर,वाराणासी, चन्दौली, भदोई, औरैया, फर्रुखाबाद एवं कन्नौज आवेदन पत्र एवं निर्देश बोर्ड की वेबसाइट www.behm.org.in (link Affiliation) से डाउनलोड कर सकते हैं।

## LIST OF AUTHORISED INSTITUTIONS

| Code No | Name of Institute | Address & District | Name of Principal | Name of Manager & Mobile No. |
|---|---|---|---|---|
| 01 | A.E.H. Medical Institute | Chajlapur, DoorBhash Nagar, RAIBARELI | Dr. P.N.Kushwaha | Dr.P.N.Kushwaha, 9415177193 |
| 03 | A.E.H. Medical Institute | Shri Om Sai Dham, Indrapuri Colony Sitapur Road, LUCKNOW | Dr. R.K. Kpoor | Smt.Sunita Kapoor, 9335916076 |
| 04 | I.G.E.H. Medical Institute | Near Bhagwa Chungi, Naya Mall Godam Road, PRATAPGARH | VACANT | VACANT |
| 05 | B.M.E.H. Institute | Pan Dareeaba, JAUNPUR | Dr. P.K. Maurya | Sushila Maurya, 9208343765 |
| 06 | M.S.D.E.H. Medical Institute | 2537, Mishrana, LAKHIMPUR | Dr. R. K. Sharnma | Dr. R. K. Sharnma, 8115545675 |
| 07 | M.E.H. Medical Institute | Behind Block Office, Subhash Ngr. MAHOBA | Dr. Ajai Barsaiya | Smt. Rajni Awasthi, 843296191 |
| 11 | C.P.E.H. Medical Institute | Anjan Shaheed, AZAMGARH | Dr. Mushtaq Ahmad | Dr. Iftekhar Ahmad, 9415358163 |
| 13 | A.E.H. Medical Institute | Kintoor, BARABANKI | Dr.Habib ur Rahman | Dr.Habib ur Rahman, 9415758906 |
| 14 | F.E.H. Medical Institute | Deviganj, FATEHPUR | VACANT | Dr.Afzal Ahmad Kazmi,9450332981 |
| 15 | Electro Homoeopathic Medical Institute | Near Char Khamba , SHAHJAHANPUR | Dr.Ammar bin Sabir | Dr. S.A. Siddique, 9336034277 |
| 16 | Shahganj E.H. Medical Institute | Behind Mahila Hospital,Dihawa Bhadi, Shahganj, JAUNPUR | Dr. S. N. Rai | Dr. Rajendra Prasad, 9450088327 |
| 17 | P.D.E.H. Medical Institute | Siddharth Children Campus, Arya Nagar, SIDDHARTH NAGAR | Dr. V. P. Srivastava | Dr. V. P. Srivastava, 9415669294 |
| 18 | B.K.E.H. Medical Institute | KANPUR | Dr. Pramod Singh | 9307199994 |

## LIST OF AUTHORISED STUDY CENTRES

| Code No | Head of Centre | Address | District | Mobile No. |
|---|---|---|---|---|
| 51 | Dr. Adil M. Khan | Parsauni Kala, Padrauna | KUSHI NAGAR | 9836131988 |
| 52 | Dr. P. K. Srivastav | 8/366 Tube Well Colony Kharjarwa Road | DEORIA-274001 | 9415826491 |
| 53 | Dr. Bhoop Raj Srivastav | 120-Basher Ganj | BAHRAICH | 9451786214 |
| 55 | Dr. Ayaz Ahmad | Beneath K.G.S. Gramir Bank, Walidpur | MAU-276405 | 9305963908 |
| 56 | Dr. Gaya Prasad | Barkhera , Kalpi | JALAUN-285203 | 8874429538 |
| 57 | Dr. Narendra B. Nigam | Patkhana | HAMIRPUR | 9889426312 |
| 59 | Dr. Mohd. Israr Khan | Araw Road, Sirsaganj | FIROZABAD | 9634503421 |
| 60 | Dr. Mohd. Akhlaq Khan | 128- Katra Purdal Khan | ETAWAH-206001 | 7417775346 |
| 62 | Dr. Prince Srivastav | Hameed Nagar, Ward No-3 Nautanwa | MAHARAJGANJ | 7398941680 |

## LIST OF AUTHORISED STUDY CENTRES OTHER STATES

| Code No | Head of Centre | Address | District | Mobile No. |
|---|---|---|---|---|
| 81 | Dr. Devendra Singh | Shaheed Bhagat Singh Colony, Karawal Nagar | DELHI-110090 | 9818120565 |
| 82 | Dr. Pankaj Kumar | Kaithi | KHAGARIA | 7549417934 |

## LIST OF AUTHORISED EXAM CENTRES

| | | | |
|---|---|---|---|
| 91 | Dr. P.K. Raghav | Khurja BULAND SHAHAR | Mobile No 9411003464 |
| 92 | Dr. S. K. Saxena | Parker College Road MORADABAD | Mobile No 9456222626 |
| 93 | Dr. Rajesh Kumar | Garh Mukteshwar HAPUR | Mobile No 8958961964 |
| 94 | Dr. Shiv Kumar Pal | Dak Banglow FIROZABAD | Mobile No 9027342885 |

Registrar

# सम्पूर्ण देश ने ——————————— प्रथम पेज से आगे

बताया कि भारत सरकार द्वारा घोषित नई शिक्षा नीति के अनुसार ही इलेक्ट्रो होम्योपैथिक में भी स्नातक स्तरीय जी0 ई0 एच0 एस0 पाँच वर्षीय कोर्स बोर्ड द्वारा संचालित किया जा रहा है। डा0 एस0के0 चक्रवर्ती ने सभी सें कोविड–19 के बचाव करते हुए लोगों को चिकित्सा देने की बात कही इस मौके पर डा0 सुनीता सागर, डा0 अरूणा त्रिपाठी, डा0संतोष आर्या, नम्रता, डा0कीर्ति सिंह, प्रियंका, अंकुर निगम एडवोकेट विधि सलाहकार, अनूप आदि मौजूद रहे।

फिरोजाबाद–इलेक्ट्रो होम्योपैथी के जनक डा0 काउण्ट सीजर मैटी की 125 वीं पुण्डतिथि इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन आफ इण्डिया के स्थानीय कार्यालय दुर्गेश नगर डाक बंगला में मनायी गयी। सर्वप्रथम बोर्ड के मीडिया प्रभारी एवं आगरा मण्डल प्रभारी डा0 शिव कुमार पाल ने डा0काउण्ट सीजर मैटी के चित्र पर माल्यापर्ण कर अपने श्रंदा सुमन अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। तत्पश्चात एसोसिएशन के डा0 हरीओम शर्मा, डा0दिनेश कुशवाहा, मो0 सलीम, डा0 रनवीर शास्त्री ने भी श्रंदासुमन अर्पित किया, इस दौरान प्रदेश सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन एंव लाकडाउन का का पूर्णतयः पालन किया गया। डा0 शिवकुमार पाल ने डा0 काउण्ट सीजर मैटी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा किये गये कार्यो का वर्णन किया साथ ही कहा कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी की चिकित्सा,शिक्षा,विकास एवं अनुसंधान के लिए कोई रोक नहीं है। इस अवसर पर अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।



बी0 ई0 एच0 एम0 उ0प्र0 के चेयरमैन **Dr. M.H. Idrisi**



बुन्देलखण्ड इलेक्ट्रो होम्योपैथिक स्टडी सेन्टर हमीरपुर में डा0 काउण्ट मैटी को निर्वाण दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि डा0 एस0 के0 चक्रवर्ती छाया गज़ट

## शोक समाचार

बड़े दुःख के सूचित करना पड़ रहा है कि वरिष्ठतम इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सक डा0 कुलदीप सिंह (मोगा) हमारे बीच नहीं रहे।

गज़ट परिवार उनकी आत्मा की शान्ति के लिये ईश्वर से प्रार्थना करता है– सम्पादक



बोर्ड ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन उ0प्र0 के रजसिट्रार **Dr. Ateeq Ahmad** डा0 सीज़र मैटी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुये – छायां गज़ट




बुन्देलखण्ड इलेक्ट्रो होम्योपैथिक स्टडी सेन्टर हमीरपुर में डा0 काउण्ट मैटी को निर्वाण दिवस के अवसर पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये – छाया गज़ट




इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ़ इण्डिया (**E.H.M.A.I.**) फ़िरोज़ाबाद कार्यालय में डा0 काउण्ट मैटी को निर्वाण दिवस के अवसर पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये डा0 एस0 के0 पाल व अन्य – छाया गज़ट